Title: Need to provide stoppage of Vaishali Express at Khalilabad Railway Station, UP.

श्री भालचन्द्र यादव (खलीलाबाद) : अध्यक्ष जी, उत्तर प्रदेश में खलीलाबाद का व्यापारिक रूप से अत्यधिक महत्व है।

खलीलाबाद को अब जिले का दर्जा भी प्राप्त हो गया है और यहां की आबादी भी लगातार बढ़ती जा रही है किंतु खलीलाबाद रेल्वे स्टेशन पर महत्वपूर्ण रेलगाड़ियां जिसमें वैशाली एक्सप्रैस प्रमुख है, का ठहराव न होने के कारण जन प्रतिनिधियों एवं अन्य व्यवसायी लोगों को 50-60 कि.मी. दूर जाकर बस्ती से गाड़ी को पकड़ना होता है जिससे अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

अत: माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि खलीलाबाद रेल्वे स्टेशन पर वैशाली एक्सप्रैस सहित महत्वपूर्ण गाड़ियों का ठहराव दिया जाये तथा गोरखपुर-गोण्डा लाइन को बड़ी लाइन में बदला जाये।